आज दिनाक 02–11–2023 को उ0प्र0 पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय एवं गौ–अनुसंधान संस्थान, मथुरा एवं ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ वेटेरिनरी मेंडिसन, स्टिलवॉटर, ओक्लाहोमा, यू0एस0ए0 के मध्य पशु चिकित्सा विज्ञान के शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए एक एम0ओ0यू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एम0ओ0यू के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालय पशु चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग करते हुए शिक्षकों एवं छात्रों को एक दूसरे के विश्वविद्यालय में कार्य करने में सहायता होगी। ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से डा0 जैरी मलायर, सह–अधिष्ठाता व डा0 सुनील मोरे इस हेतु आज उ0प्र0 पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय एवं गौ–अनुसंधान संस्थान, मथुरा आए हुए हैं। डा0 मलायर ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय का भ्रमण भी किया व उम्मीद जताई कि भविष्य में दोंनों विश्वविद्यालय पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति करेंगें। उ0प्र0 पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय एवं गौ–अनुसंधान संस्थान, मथुरा की तरफ से कुलसचिव, डा0 अरूण कुमार मदान, निदेशक शोध डा0 विकास पाठक, निदेशक प्रसार, डा0 अतुल सक्सैना, ने एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किये। डा0 पी0के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा संकाय ने विश्वविद्यालय में चल रहे शोध एवं शिक्षण से सम्बन्धित गतिविधियों के बारे में आगन्तुकों को संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर संकाय के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी उपस्थित रहे और इस एम0ओ0यू0 के पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया।